आकाशवाणी केन्द्र शिमला
17.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19.45बजे

मुख्य समाचार

- विधानसभा का शीतकालीन सत्र कल से धर्मशाला में–सत्र में होंगी चार बैठकें–विभिन्न विभागों से आए कुल 3 सौ 16 प्रश्न।
- विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सत्ता पक्ष व विपक्ष से सत्र संचालन में रचानात्मक सहयोग की जताई उम्मीद।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप– जवाबदेही से घबराकर सरकार ने छोटा किया शीतकालीन सत्र।
- प्रदेश के मैदानी इलाकों में कड़ाके की ठण्ड–पहाड़ों पर बढ़ा तापामन–मैदानी इलाकों में अत्याधिक शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट।

विधानसभा सत्र

प्रदेश की 14वीं विधानसभा का शीतकालीन सत्र कल से धर्मशाला के तपोवन स्थित विधानसभा परिसर में शुरू हो रहा है। 21 दिसम्बर तक चलने वाले सत्र के लिए विधानसभा सचिवालय ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सत्र के लिए विधानसभा सचिवालय को कुल 3 सौ 16 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं।

*धर्मशाला के तपोवन में कल से शुरू होने वाले विधानसभा के शीतकालीन सत्र की चार बैठकों के दौरान विभिन्न नियमों के तहत सदन में सदस्यों द्वारा चर्चा की जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज तपोवन विधानसभा परिसर में एक पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि सत्र के लिए विधानसभा सचिवालय को कुल 3 सौ 16 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुई है जिनमें विधानसभा सदस्यों द्वारा 2 सौ 48 तारांकित और 68 अतारांकित प्रश्न सदन में उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस बार शीतकालीन सत्र इनमें नियम 62 के तहत 5, नियम 63 के तहत एक, नियम 101 के तहत 5 और नियम 130 के तहत तीन विषयों पर सदस्यों द्वारा सदन में चर्चा की जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इस बार सत्र में हिमाचल विधानसभा के इतिहास में पहली बार जीरो आवर की शुरुआत की गई है। इसके तहत रोजाना सत्र के दौरान 12 से साढ़े 12 बजे तक कोई भी सदस्य प्रदेश हित से जुड़े मुद्दे सदन में उठा सकते हैं। कुलदीप पठानिया ने बताया कि इस बार विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सरकार द्वारा सदन में 15 बिल प्रस्तुत किए जाएंगे, जिन पर चर्चा होने के बाद उन्हें पारित किया जाएगा। कुलदीप पठानिया ने उम्मीद जताई कि सता पक्ष व विपक्ष के सदस्य जनहित से जुड़े मुद्दों को सदन में उठाने के अलावा सत्र संचालन में अपना रचनात्मक सहयोग देंगे।*

*विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सत्र के पहले दिन शोकोदगार होते हैं लेकिन इस बार मानसून सत्र और इस सत्र के बीच अभी तक कोई भी अप्रिय घटना नहीं हुई है इसलिए कल शोकोदगार नहीं होंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि नेवा नैशनल ई–विधान एप्लीकेशन के माध्यम से हर व्यक्ति अपने घर में बैठकर तपोवन में होने वाली विधानसभा की कार्यवाही देख सकेंगे।*

*रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार ..................*

सर्वदलीय बैठक

इस बीच विधानसभा के शीतकालीन सत्र के सुचारू संचालन में सहयोग के लिए विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज धर्मशाला के तपोवन में सर्वदलीय बैठक बुलाई। उन्होंने बताया कि सर्वदलीय बैठक में सत्ता पक्ष व विपक्ष के नेताओं को बुलाया गया था। सत्ता पक्ष की ओर से

संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान और उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया मौजूद रहे जबकि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और विधायक सुखराम चौधरी बैठक में शामिल नहीं हुए। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने ये जानकारी देते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने पिछले दो सालों में जो किया है उसकी जवाबदेही से घबरा रही है, इसलिए विधानसभा का शीतकालीन सत्र महज चार दिन का कर दिया गया है। आज धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सत्र में प्रदेश के व्यापक मुद्दों को लेकर कहने और करने को बहुत कुछ है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार को हाल ही में बिलासपुर में आयोजित जश्न को लेकर घेरा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने दो साल में डेढ़ हजार संस्थान बंद कर दिए हैं, 10 हजार से ज्यादा आउटसोर्स कर्मचारियों को घर बैठा दिया है और जो काम कर रहे हैं उन्हें चार–पांच महीनों से वेतन नहीं मिला है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि विपक्ष ने कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार के मुद्दों को उजागर किया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार की झूठी चुनावी गारंटियों को लेकर भी जनता में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि शीतकालीन सत्र में ऐसे ही कई सवालों के जवाब सरकार से पूछे जाएंगे।

मुख्यमंत्री

राज्य सरकार द्वारा एचपीएमसी की नियंत्रित वातावरण भंडारण क्षमता को पिछले दो वर्षों के दौरान दोगुना किया गया है। राज्य में 7 सीए स्टोर में कुल भंडारण क्षमता वर्ष 2023 से पहले 3 हजार 3 सौ 80 मीट्रिक टन थी जिसे सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप अब बढ़ाकर 8 हजार 2 सौ 60 मीट्रिक टन कर दिया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य में बागवानों और किसानों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है और सीए स्टोर की क्षमता में वृद्धि इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सरकार ने मण्डी मध्यस्थता योजना के तहत सेब उत्पादकों को एक सौ 50 करोड़ रुपये के लंबित भुगतान भी जारी किए हैं।

आग

कुल्लू ज़िला के बंजार उपमंडल के चेहनी गांव में आज एक भीषण अग्निकांड के दौरान काठशैली से बने दो मकान जलकर नष्ट हो गए। हालांकि इस घटना में किसी जानी नुकसान का कोई समाचार नहीं है। इस अग्निकांड में 40 लाख रुपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। कुल्लू से हमारे संवाददाता आशीष शर्मा ने बताया कि मकान में रखे देवता के रथ को सुरक्षित निकाल लिया गया लेकिन देवता के भंडार व सोने, चांदी के आभूषण नष्ट हो गए। बंजार के एस.डी. एम. पंकज शर्मा ने घटनास्थल का दौरा कर प्रभावित लोगों को तुरंत राहत राशि प्रदान की।

सिकंदर कुमार

नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहल ने बताया कि उड़ान बोली प्रक्रिया के दौरान हैलीकॉप्टर सेवाओं के विकास और प्रचालन के लिए चंबा, रक्कड़ व धर्मशाला हैलीपोर्ट की पहचान की गई है। राज्य सभा सांसद सिकंदर कुमार द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि प्रत्येक हैलीपोर्ट के लिए 13 करोड़ रुपये की विकास निधि आबंटित की गई है। सांसद सिकंदर कुमार के एक अन्य सवाल के जवाब में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रवनीत सिंह ने

बताया कि इस वित्त वर्ष 2024–2025 में केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना के विभिन्न घटकों के कार्यन्वयन के लिए हिमाचल प्रदेश को 70 करोड़ 50 लाख रुपये का केंद्रीय हिस्सा जारी किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पी.एम.एफ.एम.ई. योजन के तहत हिमाचल में दो एस.एल.टी.आई. और पालमपुर कृषि विश्वविद्यालय और बागवानी विश्वविद्यालय नौणी को योजना के तहत प्रशिक्षण सहायता प्रदान करने के लिए नामित किया गया है।

## मौसम

प्रदेश के मैदानी इलाकों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है जबकि पहाड़ों पर तापमान बढ़ रहा है। शिमला व कल्पा में इस महीने का दूसरा रिकार्ड अधिकतम तापमान दर्ज किया गया जबकि मैदानी ज़िलों में कई स्थानों में तापामन शून्य के आसपास दर्ज किया जा रहा है। राज्य के जनजातीय क्षेत्रों में तापमान में गिरावट के चलते प्राकृतिक जल स्रोत भी जमने लगे हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा और बिलासपुर जिलों के कुछ स्थानों पर अगले तीन दिन तक अत्याधिक शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

## भेंट

हिमाचली महिलाओं द्वारा संचालित हिमाचल मित्र मंडल संस्था की प्रतिनिधियों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर से लोकसभा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के साथ दिल्ली में आज चाय पर चर्चा के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत की। मित्र मंडल की सदस्य ने धर्मशाला में खुलने वाली सीजीएचएस डिस्पैंसरी की जल्द नोटिफिकेशन करवाने के अलावा मंडी जिले के नैरचौक या सुन्दर नगर में एक नई सीजीएचएस डिस्पैंसरी खुलवाने का प्रस्ताव भी रखा। इसके अलावा बिलासपुर–भानुपल्ली–बैरी रेलवे लाईन का मंडी व कुल्लू तक विस्तार और वंदे भारत ट्रेन को पंजाब के कीरतपुर साहिब में रूकने के लिए दो मिनट का स्टॉपेज देने की मांग की गई। सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने सदस्यों को आश्वासन दिया कि वे इन मुद्दों को केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालायों से बातचीत कर क्रियान्वित करने की कोशिश करेंगे।